राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

माध्यमिक पाठ्यक्रम-हिंदी

पाठ 18 : नाखून क्यों बढ़ते हैं?

कार्यपत्रक -18

1. इस पाठ का शीर्षक **'नाखून क्यों बढ़ते हैं?'** अपने आप में अत्यंत विशिष्ट है और रोचक भी। इसी तरह क्या आपके मन में ऐसे कोई प्रश्न आए हैं जिनका संतोषजनक उत्तर आप अब भी खोज रहे हैं? यदि हाँ तो ऐसे प्रश्नों की सूची बनाइए।

2. आपको नाखून बढ़ाना पसंद है अथवा काटना और क्यों? अपने उत्तर के समर्थन में कारण लिखिए।

3. नाखूनों के बढ़ने से मानव में पशुता के बढ़ने के बारे में आप लेखक के मत से सहमत हैं अथवा असहमत? तर्क सहित उत्तर लिखिए।

4. 'अहिंसा के बल पर ही विश्व में शांति कायम रह सकती है' यह पाठ पढ़ने के बाद इस कथन के बारे में अपने विचार विस्तार से स्पष्ट कीजिये।

5. भारतीय परंपरा स्व के बंधन, संयम की समर्थक है। संयम आपके जीवन में कितना लाभदायक सिद्ध हुआ है, उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिये।

6. इस पाठ से आपने कौन-सी बातें ग्रहण कीं, उन्हें सूचीबद्ध कीजिए। इनमें सबसे प्रेरणादायक कौन-सी शिक्षा लगी? इसे ग्रहण करते हुए आप अपने व्यवहार में क्या परिवर्तन लाएँगे? विस्तार से लिखिए।

7. भारत सदैव ही विश्व को अहिंसा का पाठ पढ़ाता रहा है। उन महान व्यक्तियों, विद्वानों की सूची बनाइए जिन्होंने हमें अहिंसा की प्रेरणा दी। उनमें आपको सर्वाधिक प्रभावित करने वाले सुविख्यात व्यक्ति पर निबंध लिखिए।

8. निबंधकार हजारीप्रसाद द्विवेदी जी का कहना है कि "मनुष्य अपनी पशुता को मिटाने के लिए निरंतर संघर्षरत है"। क्या आप इस कथन से सहमत हैं? अपने उत्तर की पुष्टि तर्क देकर कीजिए।

9. नूतन और पुरातन का संघर्ष निरंतर जारी है। इस बारे में आप का क्या मत है? तर्क और उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

10. ललित निबंध की कौन-सी विशेषताएँ हैं जो उन्हें अत्यंत पठनीय बनाती हैं। एक अन्य ललित निबंध का उदाहरण देते हुए स्पष्ट कीजिए।